दिन– शनिवार　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक– 13 / 06 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से।　　　　　　　　　　　　　　अवधि : 05 मिनट

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत के युवा विज्ञान, प्रौद्योगिकी, अंतरिक्ष, विनिर्माण, सेमीकंडक्टर और ड्रोन जैसे क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल कर रहे हैं। सोशल मीडिया पोस्ट में, उन्होंने कहा कि भारत आज दुनिया के प्रमुख स्टार्टअप केंद्रों में शामिल है और इसकी सफलता में छोटे शहरों और गांवों के युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। प्रधानमंत्री ने खेलों में युवाओं के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि भारतीय खिलाड़ियों ने अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में देश का गौरव बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि स्टार्टअप इंडिया, डिजिटल इंडिया, स्किल इंडिया और अटल इनोवेशन मिशन जैसी पहलों ने नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा दिया है। श्री मोदी ने कहा कि पिछले बारह वर्षों से एनडीए सरकार युवा–नेतृत्व वाले विकास को प्रोत्साहित कर रही है, जिससे देश के युवाओं का आत्मविश्वास बढ़ा है और वे अपने सपनों को साकार कर रहे हैं।

———————————————————————

केंद्र सरकार की बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना देशभर में बालिकाओं के सशक्तिकरण का एक बड़ा अभियान बन गई है। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के अनुसार, पिछले दस वर्षों में, जन्म के समय लिंगानुपात नौ सौ अठारह से बढ़कर नौ सौ उनतीस हो गया है। वहीं, माध्यमिक स्तर पर छात्राओं का नामांकन भी लगभग पचहत्तर प्रतिशत से बढ़कर अस्सी प्रतिशत के करीब हो गया है। मंत्रालय ने कहा है कि यह योजना बालिकाओं की शिक्षा, सुरक्षा और सशक्तिकरण को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

———————————————————————

राष्ट्रीय लोक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए उपेन्द्र कुशवाहा ने आज अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। श्री कुशवाहा का इस पद के लिए निर्विरोध निर्वाचन तय है, क्योंकि केवल उन्होंने ही नामांकन पत्र भरा है। उनके निर्वाचन की औपचारिक घोषणा अब से कुछ देर बाद की जाएगी।

———————————————————————————

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने पूर्व मंत्री ब्रज बिहारी प्रसाद की 28वीं पुण्यतिथि के अवसर पर पटना स्थित स्मृति संग्रहालय में आयोजित सर्वधर्म प्रार्थना सभा में भाग लिया। मुख्यमंत्री ने ब्रज बिहारी प्रसाद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

———————————————————————————

प्रदेश के उन्नीस जिलों तक मानसून पहुंच चुका है। मानसून की उत्तरी सीमा अभी मुजफ्फरपुर से होकर गुजर रही है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार आज प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में बारिश की संभावना है। इस दौरान औरंगाबाद, भभुआ, गया, नवादा, रोहतास, अरवल, बेगूसराय, भोजपुर, बक्सर, जहानाबाद, लखीसराय, नालंदा, पटना और शेखपुरा जिले में कुछ स्थानों पर भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है। इस दौरान तेज हवा के साथ वज्रपात की भी आशंका है।

———————————————————————————

पटना में बिस्कोमान भवन की तेरहवीं मंजिल पर आज तड़के आग लग गयी। अग्निशमन दस्ते की मदद से आग पर काबू पाया गया। अग्निशमन पदाधिकारी अजीत कुमार ने बताया कि प्राथमिक जांच में शॉर्ट सर्किट से आग लगने की बात सामने आई है। उन्होंने कहा कि पूरी जांच होने के बाद ही सही कारणों का पता चल सकेगा। बिस्कोमान की इस मंजिल पर बेल्ट्रॉन का कार्यालय है। आग लगने के कारण कई महत्वपूर्ण कागजात और इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जलकर नष्ट हो गए।

———————————————————————————

कटिहार जिले के कोढ़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत जुराबगंज के पास एनएच–इकतीस पर एक बस के अनियंत्रित होकर पलट जाने से पच्चीस यात्री घायल हो गए। इनमें से पंद्रह की स्थिति गंभीर बताई जाती है। गंभीर रूप से घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के जीएनसीएच, पूर्णिया रेफर कर दिया गया है।

———————————————————————————

पश्चिम चम्पारण जिले के योगापट्टी प्रखंड निवासी सारांश कुमार ने गुजरात के अहमदाबाद में आयोजित प्रथम विश्व योगासन चैम्पियनशिप के रिदमिक पेयर योगासन

स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता है। बेतिया पहुंचने पर सारांश कुमार का बैंड–बाजे के साथ भव्य स्वागत किया गया।

———————————————————————————

निगरानी जांच ब्यूरो की टीम ने नवादा सदर अंचल कार्यालय के राजस्व कर्मचारी सुजीत कुमार को पंद्रह हजार रुपये रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार कर्मी शिकायकर्ता से जमीन के परिमार्जन के एवज में घूस ले रहा था।

समस्तीपुर जिले के बढौना पंचायत के चतरा गांव में करंट लगने से मां–बेटे की मौत हो गई।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।